Press Information Bureau
Government of India
Prime Minister's Office

24-July-2018 22:29 IST

Press statement by Prime Minister during his visit to Uganda

His Excellency President Museveni

Respected delegates,

Members of the Media,

यह मेरा सौभाग्य है कि दो दशकों के बाद भारत के प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा के लिए मेरा युगांडा आना हुआ है। President मुसेवेनी भारत के बहुत पुराने मित्र हैं। मेरा भी उनसे बहुत पुराना परिचय है। 2007 में जब मैं गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में यहाँ आया था, उस यात्रा की मधुर यादें आज भी ताज़ा हैं। और आज राष्ट्रपति जी के उदार शब्दों, और हमारे गर्मजोशी भरे स्वागत-सत्कार और सम्मान के लिए मैं उनका हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

Friends,

भारत और युगांडा के बीच सदियों पुराने तथा ऐतिहासिक संबंध समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। युगांडा हमेशा हमारे दिलों के करीब रहा है और रहेगा। युगांडा की आर्थिक प्रगति और राष्ट्रीय विकास के प्रयासों में भारत हमेशा साथ रहा है। Training, Capacity building, technology, infrastructure आदि हमारे सहयोग के प्रमुख क्षेत्र रहे हैं। भविष्य में भी हम यूगांडा की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुसार अपना सहयोग जारी रखेंगे।

युगांडा की जनता के प्रति हमारी मित्रता की अभिव्यक्ति के रूप में भारत सरकार ने Uganda Cancer Institute, कमपाला को एक अत्याधुनिक कैंसर थेरेपी मशीन गिफ्ट करने का निर्णय लिया है। मुझे यह जानकर खुशी है कि इस मशीन से न केवल हमारे युगांडा के मित्रों की बल्कि पूर्वी अफ्रीकी देशों के मित्रों की भी जरूरत पूरी होगी। युगांडा में energy infrastructure और कृषि तथा डेरी sector के विकास के लिए हमने लगभग Two Hundred million dollars की दो lines of credit के प्रस्तावों को मंजूरी दी है। यह संतोष का विषय है कि रक्षा क्षेत्र में भी हमारा सहयोग आगे बढ़ रहा है। Military training में हमारे सहयोग का लम्बा इतिहास है। हम इस सहयोग को और अधिक मजबूत करने के लिए तैयार हैं। हमने यूगांडा सेना के लिए और civil कामों के लिए vehicles और ambulances देने का निर्णय भी लिया है। Trade and Investment में हमारे संबंध मजबूत हो रहे हैं। कल राष्ट्रपति जी के साथ मिल कर मुझे दोनों देशों के प्रमुख business leaders के साथ मिल कर इन संबंधों को और अधिक बल देने पर चर्चा करने का अवसर मिलेगा।

Friends,

यूगांडा में रहने वाले भारतीय मूल के समाज के प्रति राष्ट्रपति जी के स्नेह के लिए मैं उनका ह्रदय से आभार प्रकट करता हूँ। एक कठिन समय के बाद, राष्ट्रपति जी के कुशल और मजबूत नेतृत्व में आज भारतीय मूल का समाज यूगांडा के सामाजिक और आर्थिक जीवन में भरपूर योगदान दे रहा है। मुझे प्रसन्नता है कि आज शाम भारतीय मूल के समाज के साथ मेरे कार्यक्रम में राष्ट्रपति जी स्वयं शामिल होंगे। उनके इस special जेसचर के लिए मैं

पूरे भारत की ओर से उनका अभिनंदन करता हूँ। कल सुबह मुझे यूगांडा की संसद को संबोधित करने का सौभाग्य भी मिलेगा. यह सौभाग्य पाने वाला मैं भारत का पहला प्रधानमंत्री हूँ. इस विशेष सम्मान के लिए मैं राष्टपति जी का और यूगांडा की संसद का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ.

Friends,

भारत और यूगांडा, दोनों युवा-प्रधान देश हैं। दोनों सरकारों पर युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने की ज़िम्मेदारी है। और इन प्रयासों में हम एक दूसरे के साथ सहयोग करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। सवा सौ करोड़ भारतीयों की ओर से मैं युगांडा के लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

धन्यवाद।

***

AKT/SH